तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025

14 कोदाभाट शिविर में दिव्यांगों के कृत्रिम अंगों...



14 986 छात्रों की नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा...





Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### जोहार कला महोत्सव में आज होगी प्रस्तुति

**कांकेर**। जोहार आदिवासी कला मंच छत्तीसगढ़ के तत्वधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष गोंडवाना भवन भीरावाही में आज 14 दिसंबर को वृहद जोहार कला महोत्सव का आयोजनहोगा। इस समारोह में 300 से अधिक कलाकारों का पंजीयन हो चुका है। सभी कलाकार मंच पर अपना प्रदर्शन देने के लिए तैयार हैं। इस आयोजन के माध्यम से आदिवासी कला और संस्कृति को जीवंत रखने का सफल प्रयास किया जा रहा है। जोहार आदिवासी कला मंच छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष पूरणमल ध्रुव, जोहर कला महोत्सव कांकेर के कार्यक्रम प्रभारी अनिल सलाम एवं डॉ. जैनेंद्र शांडिल्य ने बताया कि पूरी तैयारी हो चुकी है।

### हाट बाजार कार्यक्रम के लिए युवा प्रभाग ने किया श्रमदान



**कांकेर**। हाट बाजार कार्यक्रम जो कि प्रत्येक शनिवार को मुरडोंगरी में संचालित होता आ रहा है, जिसमें सभी युवा युवतियों को सांस्कृतिक, बौद्धिक व शारीरिक गतिविधियां कराई जाती है व अंत में भव्य रेला पाटा से कार्यक्रम का समापन होता है। उसी कड़ी में 13 दिसंबर को युवा प्रभाग के पूर्व जिला प्रवक्ता भोज मंडावी व ब्लॉक अध्यक्ष छबिंद्र मंडावी के तात्वधान में जनपद सदस्य मिथलेश मंडावी, सरपंच केशव मंडावी, उपसरपंच पीतांबर शोरी, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक व प्राथमिक स्कूल मुरडोंगरी के युवक युवतियों व शिक्षक शिक्षिकाओं की श्रमदान में सहभागिता रही एवं सभी ने बढ़ चढ़ के श्रमदान किया। श्रमदान कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ अश्वनी यादव की भी सहभागिता रही।

# लोक अदालत से न्याय केवल कोर्ट तक सीमित नहीं, संवाद और आपसी समझौते भी महत्वपूर्ण

## एक दिन में 4.85 करोड़ रुपए से अधिक का अवार्ड हुआ पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर जिला न्यायालय परिसर में 13 दिसंबर को आयोजित नेशनल लोक अदालत ने आम जनता और न्यायपालिका के बीच एक नया सेतु स्थापित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अमितेन्द्र किशोर प्रसाद ने कहा कि यह मंच केवल कानूनी फैसलों तक सीमित नहीं है, बल्कि पक्षकारों को आपसी समझौते के माध्यम से अपने विवाद खुद सुलझाने का अधिकार देता है। छोटे-मोटे आपराधिक मामलों से लेकर पारिवारिक विवादों तक, लोक अदालत ने यह साबित कर दिया कि न्याय केवल कोर्ट की चारदीवारी तक सीमित नहीं, बल्कि संवाद और सद्भाव से भी प्राप्त किया जा सकता है।

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ करने के उपरांत न्यायाधीश अमितेन्द्र किशोर प्रसाद ने कहा कि कोर्ट के काम से व्यक्ति कानूनी लाभ प्राप्त करता है, लेकिन ऐसे आयोजनों में प्रशासनिक अधिकारियों और कलेक्टर जैसे उच्च पदाधिकारियों से औपचारिक रूप से मिलना और विचार साझा करना भी विशेष अनुभव होता है। उन्होंने बताया कि जब प्रशासनिक पदाधिकारी कार्यक्रमों में भाग लेते हैं, तो यह न केवल कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाता है, बल्कि आम लोगों में न्यायिक प्रक्रियाओं के प्रति विश्वास भी जगाता है। लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य ऐसे मामले हैं, जिनमें आपसी समझौते की संभावना हो, उन्हें न्यायालय से हटकर हल किया जाना। यह एक ऐसा मंच है, जहां विवाद के सभी पक्ष आपसी सहमति और समझौते की भावना के साथ समाधान निकालते हैं। न्यायाधीश केवल मार्गदर्शन करते हैं और निर्णय लेने की स्वतंत्रता पक्षकारों को होती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लोक अदालत में न्यायाधीश भाग्य विधाता नहीं होते, बल्कि पक्षकार स्वयं अपने निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होते हैं।

### खास बातें

- 3925 लंबित प्रकरणों में से 3456 प्रकरणों का निपटारा और प्रिलिटिगेशन मामलों में हुआ पूर्ण समझौता
- न्यायाधीश ने चन्दन का पौधा लगाकर प्रकृति संरक्षण और हरित वातावरण का महत्व रेखांकित किया






### लोक अदालत के लाभ और परिणाम

लोक अदालत में छोटे-छोटे आपराधिक मामले और पारिवारिक विवादों को आपसी समझौते के आधार पर सुलझाया गया। डाइवोर्स के मामलों में भी पक्षकार आपसी सहमति से निर्णय लेते हैं, जिससे उन्हें आत्म-संतुष्टि मिलती है, जो पारंपरिक कोर्ट के फैसलों से अधिक संतोषजनक और सशक्त होती है। न्यायाधीश ने कहा कि इस पहल से आम जनता में यह संदेश जाता है कि कानूनी समस्याओं का समाधान केवल कोर्ट तक सीमित नहीं, बल्कि आपसी समझौते और सद्भावना से भी किया जा सकता है।

### लोक अदालत में रिकॉर्ड ब्रेक प्रदर्शन

कांकेर जिले में आयोजित लोक अदालत के माध्यम से कुल 3925 लंबित प्रकरणों में से 3456 प्रकरण निराकृत किए गए। इसके अंतर्गत कुल अवार्ड राशि 4 करोड़ 85 लाख 28 हजार 844 रूपएं पारित किया गया। प्रिलिटिगेशन मामलों जैसे बैंक वसूली, विद्युत और जलकर, टेलीफोन बिल आदि में कुल 1 लाख 49 हजार 840 रूपएं के प्रकरण पेश किए गए, जिनमें से सभी प्रकरण निराकृत हुए। इसके अलावा समझौते की गई राशि 34 लाख 31 हजार 533 रूपएं वसूल की गई। इस पहल के माध्यम से न्यायपालिका ने आम नागरिकों को त्वरित, सरल और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। लोक अदालत ने यह दिखाया कि न्याय केवल कोर्ट की प्रक्रिया तक सीमित नहीं है, बल्कि समझौता, संवाद और सद्भावना से भी न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है।

### पौधारोपण के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश

नेशनल लोक अदालत के अवसर पर न्यायाधीश अमितेन्द्र किशोर प्रसाद ने जिला न्यायालय परिसर में चन्दन का पौधा लगाकर प्रकृति संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार टामक, परिवार न्यायालय के न्यायाधीश रमाशंकर प्रसाद, कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, प्रथम अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश विभा पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भास्कर मिश्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शांति प्रभु जैन, एसडीएम अरूण वर्मा, एसडीओपी मोहसिन खान, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धनराज जैन सहित न्यायिक मजिस्ट्रेट और अधिवक्तागण उपस्थित रहे।



## कलेक्टर व सीईओ ने किया भैंसासुर धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले के सुदूर वनांचल में स्थित अंतागढ़ विकाखण्ड के ग्राम भैसासुर में स्थित धान खरीरी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने किया और कई निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं सीईओ ने धान खरीदी की प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, नमी की जांच, रिकॉर्ड संधारण एवं किसानों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित प्रबंधक को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार पारदर्शी एवं सुचारू रूप से धान खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समय पर तौल, त्वरित भुगतान एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर ने केंद्र परिसर में साफ-सफाई, छाया, पेयजल तथा बैठने की उचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में फीडबैक भी लिया। किसानों ने अब तक की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया।



## महिला की हुई मौत, जाँच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

अंतागढ़ थानांतर्गत सोढे निवासी 40 वर्षीय सुकियारी बाई सलाम का 10 दिसंबर को मौत हो गया। जामपारा अंतागढ़ निवासी 22 वर्षीय सुकारो बाई ने पुलिस को बताया कि मृतिका महुआ शराब का अत्याधिक सेवन करके सोने के लिए गई थी। सुबह उसको उठाने पर नही उठी, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। अज्ञात कारणो से मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

## जिपं सीईओ ने गुणवत्तापूर्ण कार्य टाइम पर पूरा करने की दी हिदायत

**कांकेर**। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निर्माण कार्यों के साथ पंचायतों के कार्या की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के तहत अन्य प्रगतिरत कार्या एवं महतारी सदन सह सामुदायिक शौचालय के कार्या को समय पर गुणवत्तापूर्णढ़ग से समय सीमा में पूर्ण करने, अंतागढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को तहसील कार्यालय अंतागढ़ के लिए स्थल उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कांकेर श्री विजय कुमार मांडवे को सभी प्रगतिरत कार्या का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया। जिले में सभी अप्रारंभ कार्या को तत्काल प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायतों में संचालित कार्यों को भी शीघ्रता से पूर्ण कराने व मूल्यांकन सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन



अधिकारी जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा उदय नाग, भानुप्रतापपुर जीएल चुरेन्द्र, दुर्गूकोंदल सुरेन्द्र कुमार बंजारे, कांकेर अश्वनी यादव, नरहरपुर बेनु सुखदेवे, अंतागढ सुश्री स्वेता साहू , चारामा जीएस कवर, अनुविभागीय अधिकारी आरईएस कांकेर त्रिलोक कुटारे, नरहरपुर नरेन्द्र ठाकुर, चारामा खिलेश साहू, दुर्गूकोंदल देवेन्द्र हटिले, कोयलीबेड़ा सीएल स्वर्णकार, अंतागढ सन्दीप रवि, भानुप्रतापपुर रविशंकर सोनी सहित सभी उपअभियंता उपस्थित थे।

## अज्ञात ट्रैक्टर की ठोकर से दो घायल भानपुरी मार्ग पर हुई भीषण दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नरहरपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का एक और गंभीर मामला सामने आया है, जहां अज्ञात ट्रैक्टर चालक की लापरवाह ड्राइविंग ने दो लोगों की जिंदगी खतरे में डाल दी। सड़क पर हुई इस भीषण टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज निजी अस्पताल में जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

नरहरपुर थाना अंतर्गत चौकी हल्बा क्षेत्र में लापरवाह वाहन चालकों की मनमानी एक बार फिर सामने आई है। ग्राम मुडधोवा निवासी 45 वर्षीय केश कुमारी नेताम पति मोहन नेताम ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 9 दिसंबर की शाम लगभग 6 बजे उनके पति मोहन नेताम और भाई दुर्गेश मरकाम पिता मेहश्वर मरकाम, निवासी ग्राम गितपहर, एक ही मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। दोनों ग्राम गितपहर से मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एई 0491 में सवार होकर मुडधोवा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान ग्राम भानपुरी और मुडधोवा के बीच मुख्य सड़क पर एक अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने तेज गति और



लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए धमतरी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। परिजनों के अनुसार दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिससे परिवार में चिंता का माहौल है। इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और लापरवाह वाहन चालकों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 125 (ए) एवं 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर




MRP. ₹ ~~999~~ से ₹ ~~1299~~
प्रति पीस वाले
प्रीमियम ब्रांडेड क्वालिटी
डिजिटल प्रिंट
मेन्स कुर्ता
₹333 में प्रति पीस

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.

ऊपर-नीचे रोड के पास, कांकेर

*condition apply

## खबर संक्षेप

### नियुक्ति तिथि से सेवा गणना व क्रमोन्नति की मांग पर फिर गरजेंगे शिक्षक



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला बस्तर की बैठक शनिवार को शहीद पार्क में हुई। जिसमें नियुक्ति तिथि से सेवा गणना, पुरानी पेंशन तथा क्रमोन्नति समयमान, वेतनमान जैसे मुद्दों पर सहमति बनी। बैठक में स्पष्ट किया गया कि एलबी संवर्ग के शिक्षकों के हितों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर संगठन आंदोलन करेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि सोना साहू प्रकरण के आधार पर चल रही न्यायिक व वैधानिक लड़ाई को तेज किया जाएगा। शासन से सभी शिक्षकों के लिए समान रूप से लागू होने वाला जनरल आदेश जारी करने की मांग की गई। अन्यथा वैकल्पिक रणनीति के तहत आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। जिलाध्यक्ष लुदरसन कश्यप ने बताया कि जनप्रतिनिधियों से कई बार मांग रखी जा चुकी है। यदि शासन स्तर पर समाधान नहीं हुआ तो संगठन फिर से आंदोलन करेगा,जिसके लिए सभी शिक्षकों को एकजुट रहना होगा।

### गणित में विद्यार्थियों को भविष्य बनाना चाहिए

**बकावण्ड।** छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद छत्तीसगढ़ एवं जिला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मूली में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनबारी भद्रे अध्यक्ष जनपद पंचायत बकावंड ने की। मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर भावेश कुमार नेताम प्राचार्य वीर योद्धा जकरतन भतरा शासकीय महाविद्यालय बकावंड ने गणित के विषय पर अपना वक्तव्य दिया और कहा गणित विषय में विद्यार्थियों को अपना भविष्य और करियर चुनना चाहिए, बस्तर जिले में इसके लिए गणित को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है उन्होंने रोचक तरीके से गणित के अध्यापन की विधि बताई । संस्था के प्राचार्य आनंद अय्यर ने भी अपने विचार व्यक्त किया और गणित के अपने 38 साल के अध्यापन का अनुभव बच्चों को बताया।

### वेरियर एल्विन के विचारों की रोशनी में मानव विज्ञान पर मंथन

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय की मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला में ह्यूमन ट्रेट्स एंड इनहेरिटेंस इन द वर्ल्ड ऑफ वेरियर एल्विन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मानव विज्ञान सर्वेक्षण, दक्षिण क्षेत्रीय केंद्र मैसूर डॉ मिथुन सिकदार और मानव विज्ञान सर्वेक्षण, मध्य क्षेत्रीय केंद्र नागपुर डॉ. सुभ्रा बारिक मुख्य वक्ता रहे। डॉ सिकदार ने मानव लक्षणों, वंशानुक्रम के प्रकार, एकल जीन से उत्पन्न गुणों, वंशानुगत रोगों तथा परिवार व समाज में गुणों के प्रसार पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वंशानुक्रम केवल जैविक प्रक्रिया नहीं,बल्कि पर्यावरण, समाज और संस्कृति से प्रभावित होकर मानव व्यक्तित्व का निर्माण करता है। डॉ बारिक ने संस्कृति को सतत परिवर्तनशील प्रक्रिया बताते हुए कहा कि समाज का विकास उसकी जनसंख्या संरचना, संसाधन उपयोग और सांस्कृतिक स्वरूप पर निर्भर करता है।

## निधन

### रामनाथ दुग्गा

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत दमकसा निवासी वरिष्ठ समाजसेवी एवं ग्राम पंचायत के प्रथम सरपंच



रामनाथ दुग्गा का आकस्मिक निधन हो गया, वे विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। अंतिम संस्कार गृह ग्राम दमकसा में किया गया। वे सरगुजा कमिश्नर आईएएस नरेंद्र दुग्गा के चाचा एवं अनिल दुग्गा के पिताजी थे।

# महेंद्रपुर खरीदी केंद्र में अब तक 2922 क्विंटल धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत महेंद्रपुर धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी का कार्य सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं, जिससे खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

समिति के अध्यक्ष पीलम नरेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीदी प्रारंभ होने के एक सप्ताह के भीतर ही केंद्र पर कुल 2922 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि केंद्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान अपना धान विक्रय करने पहुँच रहे हैं। महेंद्रपुर धान खरीदी केंद्र के अंतर्गत तीन अलग-अलग ग्राम पंचायतों के किसान पंजीयन के अनुसार अपना धान समर्थन मूल्य पर बेचने आ रहे हैं। किसानों ने बताया कि केंद्र में तौल, पर्ची एवं भुगतान संबंधी प्रक्रियाएँ पारदर्शी ढंग से की जा रही हैं, जिससे उन्हें संतोषजनक अनुभव मिल रहा है। समिति द्वारा किसानों के लिए छाया, पेयजल तथा बैठने की उचित व्यवस्था की गई है। साथ ही कर्मचारियों द्वारा समय पर धान की तौल एवं भंडारण की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है। क्षेत्र के किसानों में शासन की इस व्यवस्था को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। धान खरीदी केंद्र के माध्यम से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है। समिति प्रबंधन ने आगामी दिनों में खरीदी की गति और बढ़ने की संभावना जताई है।

## धान खरीदी में लिमिट कम होने से किसान हैं परेशान

**अंतागढ़।** पूर्व विधायक अनूप नाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया है राज्य सरकार धान खरीदने में कंजूसी बरत रही है। अंचल में धान खरीदी में कम लिमिट होने से किसान परेशान हो रहे किसान हितैषी कहने वाली ये भाजपा सरकार आज किसानों को टोकन तक नहीं दे पा रही। कम मात्रा में धान खरीदी से किसान अपनी बारी के का इंतजार कर रहा और उन्हें धान बेचने से पहले भारी परेशानी जद्दोजहद का सामना करना पड़ रहा है।



पूर्व विधायक ने कहा कि खरीदी केंद्रों पर सुबह से लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन ऑनलाइन या ऑफलाइन किसी भी माध्यम से टोकन उपलब्ध नहीं हो पा रहे। क्योंकि कम लिमिट होने की वजह से जनवरी माह पहले सप्ताह तक लिमिट फूल हो चुका है। अंतागढ़ समिति के अंतर्गत 2023 की संख्या में किसान पंजीकृत है, जिसमें आज की तारीख तक मात्र 200 किसानों ने ही अपना धान बेच पाए है। कहा जाए तो अभी तक 10 प्रतिशत ही धान खरीदी हो पाया है। अभी 90 प्रतिशत किसान अभी भी बाकी है और अगर यही लिमिट रही तो किसान अपना धान बेच ही नहीं पाएंगे। क्योंकि धान खरीदी का समय जनवरी माह तक ही है। बचे कुछ दिनों में 90 प्रतिशत किसानो का धान खरीद पाना संभव ही नहीं, इसलिए शासन प्रशासन इसे गंभीरता से ले। धान का उठाव बंद होने से खरीदी केंद्रों में जगह की भारी कमी हो गई है, जिससे जाम की स्थिति बन रही है। इस अव्यवस्था के कारण किसान अपनी उपज नहीं बेच पा रहे हैं और उन्हें आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है। उन्होंने टोकन लिमिट बढ़ाने और धान परिवहन नियमित करने की मांग की। भाजपा सरकार पर किसानों को जानबूझकर परेशान करने और खरीदी प्रक्रिया धीमी करने का आरोप लगाया, ताकि धान खरीदने से बचा जा सके। यदि समय पर समाधान नहीं हुआ, तो किसानों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

## महर्षि कालेज के रासेयो शिविर की बौद्धिक चर्चा में राष्ट्रोत्थान व जनसेवा की मिली प्रेरणा



**भानुप्रतापपुर।** महर्षि वाल्मीकि महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग समाज युवा प्रभाग के जिला अध्यक्ष राजीव श्रीवास विषय वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने आज की युवा पीढ़ी जेन-जी और उनके सपनों का भारत क्षेत्र से बड़ा राष्ट्र और मातृभूमि की सेवा विषय पर विचार रखे।

राजीव श्रीवास ने कहा कि आज भारत विश्व के सबसे युवा देशों में शामिल है, जहां लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। उन्होंने बताया कि यही जेन-जी आने वाले वर्षों में देश की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दिशा तय करेगी। यदि इस युवा शक्ति को सही मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो भारत को वैश्विक नेतृत्व से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आज के युवाओं के आदर्श पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़ चुके हैं। भुवन बाम जैसे और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर ने यह साबित किया है कि नई तकनीक और रचनात्मकता के माध्यम से भी देश और समाज को प्रभावित किया जा सकता है। वहीं मैथिली ठाकुर ने कम उम्र में ही अपनी गायन प्रतिभा के दम पर न केवल पहचान बनाई, बल्कि सांस्कृतिक क्षेत्र में एक सशक्त उद्यमी के रूप में उभरकर सामने आईं। खेलों का उल्लेख करते हुए बताया कि हाल के वर्षों में अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भारत को मिले पदकों में 60 से 70 प्रतिशत योगदान युवाओं का रहा है। नीरज चोपड़ा जैसे खिलाड़ियों ने ओलंपिक में देश का गौरव बढ़ाया, वहीं शतरंज में गुकेश जैसे युवा कम उम्र में विश्व मंच पर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। यह दर्शाता है कि प्रतिभा की कोई उम्र नहीं होती, जरूरत होती है सही मंच और विश्वास की। कॉलेज जीवन और एनएसएस के दिनों की यादें साझा करते हुए कहा कि ऐसे शिविर युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा भावना का विकास करते हैं। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित न रहें, बल्कि राष्ट्र और समाज की सेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाएं।

## ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से हुआ हादसा, किशोर को आई गंभीर चोटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नरहरपुर क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्राली में सवार 17 वर्षीय युवक गंभीर हादसे का शिकार हो गया। तेज और लापरवाह ड्राइविंग के चलते ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे युवक ट्राली में लोड भारी पाइप के नीचे दब गया। आनन-फानन में उसे धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक होने पर आईसीयू में रखा गया है।



घटना को लेकर देवीनवागांव निवासी 42 वर्षीय चंद्रेश कुमार साहू पिता स्व. श्रीराम साहू ने हल्बा चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका बेटा 17 वर्षीय मोनेन्द्र कुमार साहू पिछले 10-12 दिनों से देवीनवागांव निवासी विजय साहू पिता स्व. टकेश कुमार साहू के साथ पाइप लाइन कार्य के लिए रोज देवीनवागांव से नरहरपुर जाया करता था। 11 दिसंबर की सुबह करीब 10 बजे, ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीके 5613 को चालक भूपेश साहू एकलव्य कन्या आवासीय परिसर, नरहरपुर के पास मेन रोड पर लापरवाहीपूर्वक चला रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्राली में बैठे मोनेन्द्र कुमार साहू नीचे गिर पड़े और लोड किए गए पाइप उनके ऊपर आ गिरे, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पाइप लाइन के ठेकेदार व वाहन मालिक विजय साहू ने घायल को धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया और मोबाइल पर पिता को हादसे की जानकारी दी। अस्पताल पहुंचने पर पिता ने देखा कि बेटे के हाथ-पैर टूट चुके हैं और सिर में गंभीर चोट है। फिलहाल वह आईसीयू में भर्ती है। पीड़ित पिता का आरोप है कि वर्तमान में कोई भी उसके इलाज की जिम्मेदारी नहीं ले रहा है।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक भूपेश साहू के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आत्मनिर्भर भारत के लिए निकाली स्वदेशी संयुक्त यात्रा का कांकेर में किया स्वागत

**कांकेर।** स्वदेशी चेतना और आत्मनिर्भर भारत के संदेश से कांकेर नगर सराबोर नजर आया, जब कैट एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में निकली स्वदेशी संयुक्त यात्रा शनिवार को कांकेर नगर पहुंची। वोकल फॉर लोकल और सशक्त स्वदेशी के नारों के बीच रथ यात्रा का पुराना बस स्टैंड में उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर इस अभियान को ऐतिहासिक बना दिया।



कांकेर नगर में शाम छह बजे पुराना बस स्टैंड से ज्ञानी चौक तक भव्य बाइक रैली निकाली गई, जिसमें युवाओं, व्यापारियों और स्वदेशी समर्थकों की बड़ी भागीदारी रही। रैली के दौरान नगर के प्रमुख मार्गों पर देशभक्ति और स्वदेशी के संदेश गूंजते रहे। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ी, विभिन्न चौक -चौराहों, बाजारों और व्यापारिक क्षेत्रों में पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। पूरे कांकेर नगर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर कैट के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने रथ के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाना केवल एक अभियान नहीं, बल्कि देश की आर्थिक मजबूती का आधार है। उन्होंने स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने और छोटे व्यापारियों को सशक्त बनाने का आह्वान किया। स्वदेशी जागरण मंच के संयोजक भूपेश सिंह ठाकुर ने भी स्वदेशी आंदोलन के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा, जब हम स्थानीय उद्योग और व्यापार को प्राथमिकता देंगे। स्वागत समारोह के दौरान यात्रा का विधिवत ध्वजारोहण किया गया तथा शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक सहित कई जनप्रतिनिधियों और व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने यात्रा का अभिनंदन किया और स्वदेशी अभियान के प्रति समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में जानकारी दी गई कि स्वदेशी संयुक्त रथ यात्रा रविवार सुबह नौ बजे कांकेर से केशकाल के लिए रवाना होगी, जहां भी स्वदेशी और वोकल फॉर लोकल का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इस मौके पर राजीव लोचन सिंह, दिलीप जायसवाल, दीपक खटवानी , संजय सिन्हा, शैलेंद्र शोरी दिलीप खटवानी, , पीयूष वालेचा, घनेंद्र सिंह ठाकुर, जतिन अटभैया, उत्तम जैन, अशोक राठी, हाजी वली मोहम्मद सहित नगर के अनेक प्रतिष्ठित व्यापारी, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अमित शाह का आत्मीय स्वागत...





**जगदलपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया। गृहमंत्री के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का भी आत्मीय स्वागत किया गया। जगदलपुर एयरपोर्ट पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण देव, बस्तर सांसद महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग समेत विभिन्न जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

## रासेयो शिविर सुखई में नशा मुक्त भारत निर्माण करने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल


- कुम्हार शासकीय महाविद्यालय का सात दिवसीय शिविर समापन

विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत सुखई में कँगलु कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नशा उन्मूलन के लिए युवा इस सत्र में नशा मुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूरे होने पर पीएम नरेंद्र मोदी का संदेश हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने नशे को समाज की प्रगति में बड़ी बाधा बताते हुए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया है। पाँच वर्षों से यह अभियान लोगों में नई सोच और सकारात्मक बदलाव ला रहा है। आइए हम सब मिलकर नशा-मुक्त और सशक्त भारत का निर्माण करें।

छात्र-छात्राओं ने शिविर में गाँव में योगाभ्यास, दीवाल लेखन, साफ-सफाई, नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता, सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से नशा मुक्त थीम को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अतिथियों और स्वयं सेवकों ने आंनद मेला का आनंद उठाया और शिविरर्थियों को मिठाई, मिक्चर, जलेबी खिलाई। जनपद सभापति विकास राजू नायक ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरों से स्वयं सेवकों को निम्न अनुभव प्राप्त होता है, एक कुशल सामाजिक नेता एक कुशल प्रशासक एक व्यक्ति जो मानव स्वभाव को समझता है, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता, हमारी विविधतापूर्ण संस्कृति का इतिहास, भारत के बारे में ज्ञान के माध्यम से राष्ट्रीय गौरव, समाज सेवा के माध्यम से राष्ट्र को एकीकृत करना है। सरपंच शकुंतला नरेटी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें डर से और हर मुश्किलों से लड़ने के तैयार करने का अवसर प्रदान करता है, युवाओं को यह शिविर अपनी क्षमताओं को पहचानने, बाधाओं को अवसरों में बदलने और लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित करता हैं। साथ ही असफलता से डरने के बजाय, उसे सीखने का एक मौका मानें और जीवन में जोखिम उठाने से न डरें, क्योंकि डरने से आप जहाँ हैं वहीं अटक सकते हैं।

# आयोजन की विशेषताओं को नहीं भूलेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम





पिछले 7 से 13 दिसंबर तक आयोजित शिव महापुराण कथा आज सम्पन्न हुई। कथा के अंतिम दिवस लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ कथा सुनने के लिए उमड़ पड़ी और श्रद्धालुओं ने आनंदपूर्वक कथा का रसपान किया। साथ ही शिव महापुराण कथा के सफल आयोजन पर कथा सुनाने आए भक्तों और नगर वासियों ने आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया । आयोजन समिति ने बाहर से आए लोगों के लिए दिन-रात मेहनत कर उनके भोजन और रहने की समुचित व्यवस्था की जिसकी लोगों ने सराहना की है। नगर वासियों ने आयोजन समिति की तारीफ करते हुए कहा कि कथा के आयोजन में सभी व्यवस्थाएं अच्छी थीं। नगर वासियों ने आयोजन समिति के सदस्यों की मेहनत और समर्पण की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन से नगर की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलता है।

पंडित प्रदीप मिश्रा ने आयोजन समिति द्वारा दिव्यांग जनों के लिए की गई विशेष पहल की सराहना की। आयोजन समिति ने दिव्यांग जनों को पंडित जी से मिलाने के लिए उनके कथा समाप्त कर जाने के मार्ग में बिठाकर उनसे मिलवाने की पहल की थी, जिसे पंडित प्रदीप मिश्रा ने बहुत अच्छी पहल बताया।

शिव महापुराण कथा के आयोजन में कई विशेषताएं थीं। कथा के दौरान भक्तों ने भगवान शिव की भक्ति में लीन रहे और उनके ज्ञान से अपने आधार पर अपने जीवन को पवित्र बनाने का संकल्प लिया।

आयोजन समिति ने कथा के सफल आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां की थीं और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं।

शिवमहापुराण के विशाल भंडारे में भोजन प्रसादी बनाने में 250 लोगों ने भागीदारी दी। वहीं भक्तों को भोजन वितरण में 500 कार्यकर्ता महिला व पुरुष जुटे रहे। इस व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने में कार्यकर्ताओं ने पूरे समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दीं। वैसे इस रसोई को नियंत्रित करने भगवान महादेव की ऐसी कृपा रही कि किसी सामान की कमी नहीं पड़ी। कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा अपनी कथा में भी यही जिक्र करते रहे कि भंडारे में उनकी कृपा से कभी कोई कमी आती ही नहीं।

## भर्ती में स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के संयोजक नवनीत चांद के नेतृत्व में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नाम का ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को दिया गया। वे नक्सल समस्या को दूर करने के प्रयास के लिए बधाई देने के साथ कुछ अन्य विषयों पर चर्चा करना चाहते थे। लेकिन उन्हें समय नहीं दिया गया। अपने निवास के सामने वे समर्थकों के साथ धरने में बैठ गए। जहां अधिकारी पहुंचे और ज्ञापन स्वीकार किया। ज्ञापन में बस्तर के सर्वांगीण विकास एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए पृथक बस्तर राज्य की मांग की गई है। नवनीत चांद ने कहा कि केरल राज्य के बराबर होने के बाद भी हमारा बस्तर आंध्र प्रदेश उड़ीसा तेलंगाना से पिछड़ा क्यों है। केंद्र के साथ राज्य सरकार के योजनाबद्ध पहल से नक्सली गतिविधियां कम हुई है यह स्वागत योग्य है।

## खबर संक्षेप

### एक राष्ट्र एक चुनाव के महत्व को युवाओं के साथ किया संवाद



**लोहंडीगुड़ा।** एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के निमित्त लोहंडीगुड़ा विकासखंड के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गढ़िया में युवाओं के बीच एक राष्ट्र एक चुनाव के महत्व को युवाओं के साथ संवाद किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, मंडल अध्यक्ष मंगतु कश्यप, भाजपा मंडल कार्यालय मंत्री मोती कश्यप उपस्थित रहे।

### नवोदय चयन परीक्षा में 710 में 101 अनुपस्थित



**बस्तर।** बस्तर जिले के बस्तर ब्लॉक में आज 6वी में प्रवेश हेतु नवोदय चयन परीक्षा के अंतर्गत बस्तर ब्लॉक के 3 केंद्रों कन्या बस्तर, सेजेस बस्तर व कन्या परिसर परचनपाल में 240, 240 व 230 710 विद्यार्थियों की परीक्षा होनी थी। जिसमे 101 अनुपस्थित रहे। सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी द्वारा सभी केंद्रों का निरीक्षण कर उनके द्वारा जानकारी दी गई।

## निधन

### नीलिमा मार्क

**जगदलपुर।** मदन मोहन मालवीय वार्ड नयामुंडा पारा निवासी नीलिमा मार्क 81 वर्ष का आज



संध्या 4 बजे एम.पी एम अस्पताल में निधन हो गया। वह अपने पीछे पति, पुत्र, पुत्रवधू, पुत्री, दामाद, नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम क्रिया कर्म (बरियल) शांति नगर स्थित मसीह कब्रिस्तान में रविवार को संध्या 4 बजे किया जाएगा।

# राज्यस्तरीय एनएसएस समीक्षा बैठक में शमक विवि चमका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारत सरकार युवा खेल मंत्रालय एवं उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक गुरुवार को

■ बस्तर के जनकल्याणकारी कार्यों को मिली विशेष सराहना

एनएसएस प्रकोष्ठ, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित हुई। बैठक में सत्र 2025-26 के मुख्य एजेंडा पर विस्तार से चर्चा की गई।

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ सजीवन कुमार ने विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सभी एनएसएस इकाइयों की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बस्तर में आयोजित होने वाले सात दिवसीय विशेष शिविरों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा भी साझा की। राज्य एनएसएस अधिकारी द्वारा शमक विवि के कार्यों के साथ-साथ कांकेर जिले में चलाए गए जनकल्याणकारी गतिविधियों और विशेष शिविर आयोजन पर जिला संगठक भागीरथी नायक की सराहना की गई।

डॉ. सजीवन ने आगामी सत्र 2025-26 के लिए बस्तर में प्रस्तावित राज्य स्तरीय एनएसएस कैंप की संभावित तिथि प्रदान किए जाने पर राज्य एनएसएस



अधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया।

बैठक में शासन द्वारा प्रदत्त अनुदान राशि, उपयोगिता प्रमाणपत्र,राज्य स्तरीय विशेष शिविर आयोजन, स्वयंसेवकों के पंजीयन,वार्षिक कैलेंडर,विश्वविद्यालय स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक तथा माय भारत पोर्टल पर पंजीयन व कार्यक्रम निर्माण जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कार्यक्रम समन्वयक तथा जिलों के जिला संगठक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ नीता बाजपेयी सहित सभी कार्यक्रम समन्वयकों एवं जिला संगठकों का सम्मान किया गया। बैठक में पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ गजपाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। विश्वविद्यालय की ओर से जिला संगठक भगवान दास चांडक, मौसमी विश्वास,अनीता झा एवं कार्यालय सहायक हरीश रामटेक की उपस्थिति रही। रायपुर में आयोजित राज्यस्तरीय एनएसएस समीक्षा बैठक में 2025-26 के वार्षिक एजेंडा पर व्यापक विमर्श हुआ। शमक विवि की सभी इकाइयों ने उत्कृष्ट कार्यों के कारण राज्य स्तर पर प्रशंसा अर्जित की। वहीं कांकेर जिले में जनकल्याण और जागरूकता आधारित कार्यक्रमों के लिए जिला संगठक भागीरथी नायक की सराहना हुई।

बस्तर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय एनएसएस कैंप की संभावित तिथि प्रदान किए जाने से क्षेत्रीय गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई गई। बैठक ने अनुदान,प जीयन, विशेष शिविर, माय भारत पोर्टल एवं वार्षिक योजना निर्माण पर सुविचारित मार्गदर्शन का आधार तैयार किया, जिससे आगामी सत्र में एनएसएस कार्यों की गति और प्रभाव दोनों बढ़ने की संभावनाएं प्रबल हुईं।

### रेल मंत्री से मिले सांसद महेश

# बस्तर, विशाखापट्टनम, भुवनेश्वर, राउरकेला और रायगढ़ मार्गों पर नई ट्रेनों की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी को गतिशील बनाने और जनजातीय बहुल अंचलों को देश की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से बस्तर सांसद महेश कश्यप ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सौहार्दपूर्ण मुलाकात कर क्षेत्र में रेल सेवाओं के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बस्तर की जनता की वर्षों पुरानी मांगों को प्राथमिकता से रखते हुए वंदे भारत, जनशताब्दी के साथ नई यात्री ट्रेनों के

■ बस्तर को नई रेल सौगात की ओर वंदे भारत व जनशताब्दी सेवाओं की रखी अहम मांग

संचालन तथा स्वीकृत चार रेल परियोजनाओं रावघाट-जगदलपुर लाइन, ओडिशा के कोरापुट–मलकानगिरी–भद्राचलम लाइन को सुकमा से जोड़ने, तथा जनजाति गौरव बस्तर कॉरिडोर की शीघ्र घोषणा की कार्यगति बढ़ाने की मांग की। सांसद कश्यप ने बताया कि बस्तर की भौगोलिक स्थिति, औद्योगिक संभावनाओं और बढ़ते यात्री दबाव को देखते हुए तेज, सुरक्षित और आधुनिक रेल सेवा अब समय की आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने रेल मंत्री से आग्रह किया कि इन जनहितकारी मांगों पर शीघ्र निर्णय लेकर बस्तर को नई रेल सुविधाएं प्रदान की जाएं।



### बस्तर से प्रमुख महानगरों तक वंदे भारत ट्रेन की मांग

जगदलपुर–विशाखापट्टनम वंदे भारत : व्यापार, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगरनार स्टील प्लांट के कारण इस कनेक्टिविटी का औद्योगिक महत्व भी बढ़ गया है।जगदलपुर–भुवनेश्वर वंदे भारत : जगन्नाथ धाम दर्शन हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा करते हैं। वर्तमान 16 घंटे की यात्रा वंदे भारत से 7–8 घंटे में पूरी हो सकेगी।जगदलपुर–राउरकेला वंदे भारत : छात्रों, व्यवसायियों और यात्रियों के लिए त्वरित कनेक्टिविटी का बड़ा विकल्प बनेगा।जगदलपुर–रायगढ़ जनशताब्दी राज्य के दो प्रमुख शहरों के बीच व्यापार,चिकित्सा, शिक्षा और पर्यटन में नए अवसर खुलेंगे।

### बस्तर की रेल क्रांति की दिशा

नई दिल्ली में हुई यह चर्चा बस्तर को देश के प्रमुख औद्योगिक, धार्मिक और व्यापारिक नगरों से हाई-स्पीड रेल सेवा द्वारा जोड़ने की निर्णायक पहल है। स्वीकृत रेल परियोजनाओं की गति बढ़ाने,नई वंदे भारत व जनशताब्दी सेवाओं की मांग तथा बस्तर कॉरिडोर की घोषणा के साथ क्षेत्र को अभूतपूर्व रेल सुविधाएं मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे बस्तर की यात्रा सरल, समयबद्ध और सुरक्षित होगी तथा व्यापार और रोजगार की नई संभावनाएं सामने आएंगी।

### जन हित से जुड़ी मांगें क्रियान्वयन की अपेक्षा

सांसद ने दिल्ली से हरिभूमि से चर्चा करते कहा कि ये सभी प्रस्ताव सीधे तौर पर क्षेत्र के विकास,रोजगार और कनेक्टिविटी को प्रभावित करते हैं। प्रेस के लिए जारी अपने बयान में उन्होंने बताया कि बस्तर का सर्वांगीण विकास ही उनका संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि पहली बार बस्तर को यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में ऐतिहासिक सौगात मिली है और शीघ्र ही वंदे भारत तथा जनशताब्दी ट्रेनों पर सकारात्मक निर्णय अपेक्षित है।

# नवोदय चयन परीक्षा में 1779 बच्चों ने आजमाई किस्मत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर में अगले सत्र 2025-26 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन शनिवार को हुआ। परीक्षा के लिए कुल 2094 बच्चों का पंजीयन कराया गया था, जिनमें 1779

■ कटेकल्याण के परीक्षा सेंटर में तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत

बच्चे इस परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा का समय सुबह 11.30 से दोपहर 1.30 बजे निर्धारित था। दूरस्थ क्षेत्र कटेकल्याण के परीक्षा केंद्र में पहुंचे बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। साथ ही पेन वितरण कर उनका उत्साह भी अफसरों व शिक्षकों ने बढ़ाया। इस परीक्षा के लिए दंतेवाड़ा जिले में स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम स्कूल दंतेवाड़ा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल दंतेवाड़ा, शासकीय बालिका उमा विद्यालय कुआकोण्डा, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कटेकल्याण, शासकीय बालिका उ. मा. विद्यालय गीदम, कन्या शिक्षा परिसर गीदम में केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा प्रक्रिया को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, समग्र शिक्षा अभियान के जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम, सहायक संचालक शिक्षा अहिल्या ठाकुर, दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण व कुआकोंडा ब्लॉक के बीईओ, बीआरसी व परीक्षा केंद्राध्यक्ष के अलावा जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव व परीक्षा समन्वयक शिक्षकगण का अहम योगदान रहा। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया कि परीक्षा में 84.5 फीसदी उपस्थिति रही। परीक्षा निर्विघ्न व शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। स्वच्छ व निष्पक्षतापूर्वक आयोजित करने आवश्यक उपाय किए गए थे। परीक्षा में उपस्थित होने वाले छात्र-छात्राओं के साथ लाए जाने वाले परिचय पत्र व पहचान के अन्य जरूरी दस्तावेजों के बारे में पूर्व से अवगत करवा दिया गया था।

# पहली बार हुआ थाई बॉक्सिंग स्टेट चैम्पियनशिप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं थाई बॉक्सिंग संग के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन जिले के इंडोर स्टेडियम में किया गया। दन्तेवाड़ा जिले में आयोजित हुई पहली थाई बॉक्सिंग स्टेट चैम्पियनशिप ने छत्तीसगढ़ के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया यह आयोजन दन्तेवाड़ा के लिए गर्व उत्साह और दिखाने का बेहतरीन मौका बन गया।

मुख्य संचालन छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा और होस्टिंग व संपूर्ण मैनेजमेंट दन्तेवाड़ा थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम को जिला प्रशासन एवं जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे इवेंट की गुणवत्ता को एक अलग स्तर पर पहुँचा दिया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में जिले के प्रतिष्ठित हस्तियाँ उपस्थित रही। मुख्य अतिथि चैतराम अटामी विधायक दन्तेवाड़ा, विशेष अतिथि ओजस्वी मण्डावी सदस्य छग राज्य महिला आयोग, नन्दलाल मुड़ामी अध्यक्ष जिला पंचायत दन्तेवाड़ा, अरविन्द कुंजाम उपाध्यक्ष जिला पंचायत दन्तेवाड़ा, कुनाल दुदावत कलेक्टर दन्तेवाड़ा, गौरव राय पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा, जयंत नाहटा मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला खेल अधिकारी, हिडमा कवासी अध्यक्ष जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा, पायल गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा, रजनीश सुराना अध्यक्ष नगर पंचायत गीदम एवं रामुराम नेताम सदस्य जिला पंचायत दन्तेवाड़ा उपस्थित रहे। इस सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और दन्तेवाड़ा की मेजबानी की खुलकर प्रशंसा की।

समापन समारोह पूरे जोश और सम्मान के साथ सम्पन्न हुआ। विजेताओं को सम्मानित किया गया और खिलाड़ियों की तालियों ने पूरे स्टेडियम में गर्व का माहौल बना दिया। उक्त प्रतियोगिता में 6 वर्ष से लेकर 11 वर्ष के खिलाड़ियों हेतु कैडेट प्रतियोगिता के साथ, सब-जूनियर अण्डर-14, जूनियर अण्डर-17, सीनियर अण्डर-21 एवं प्रो फाइट महिला व पुरूष दोनों वर्गों में इसके अलावा म्यूजिकल फॉम डेमो मेच भी कराया जाने से युवा खिलाड़ियों को मंच मिला। प्रतियोगिता में नियम-निर्देशो का पूरी तरह से प्रो लेवल पर आयोजन निम्न फाइट जैसे, ततामी फाइटर्स में इस्तेमाल होने वाले पंच एवं किक, रिंग फाइटर्स में इस्तेमाल होने वाले पंच, किक एवं नि, प्रो फाइटर्स में इस्तेमाल होने वाले पंच, किक नि के साथ एलबो को भी अनुमति दिया गया था। लगभग 19 जिलो से कुल 380 प्रतिभागियों ने अपना जौहर दिखाते हुए जिसमें सिर्फ दन्तेवाड़ा जिले से 140 खिलाड़ी ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की। यह दिखाता है कि दन्तेवाड़ा में खेल प्रतिभा किस स्तर पर बढ़ रही है।

राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग प्रतियोगिता में ओवल ऑल दन्तेवाड़ा जिला प्रथम लाते हुए चैम्पियनशिप अपने नाम किया तथा द्वितीय में जिला कोरबा एवं तृतीय जिला दुर्ग ने अपना स्थान प्राप्त करते हुए विशेष प्रो फाइटर्स में अण्डर-18 महिला व पुरूष दोनों वर्गों में टाईटल बेल्ट भी दन्तेवाड़ा जिला ने अपने नाम किया, वह पूरे चैम्पियनशिप का सबसे गर्व भरा क्षण रहा।

### खिलाड़ियों को मिला मार्गदर्शन

राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के आयोजन में जिला प्रशासन के प्रतिनिधि के रूप में प्रदीप सिंह सहायक खेल अधिकारी खेल एवं युवा युवा कल्याण विभाग के साथ संदीप साह थाई बॉक्सिंग प्रशिक्षक एवं सचिव जिला थाई बॉक्सिंग संघ दन्तेवाड़ा ने अपनी भूमिका बेहद शानदार और प्रोफेशनल तरीके से निभाई उनकी क्लियन विजन, ग्राउण्ड लेवल मैनेजमेन्ट और खिलाड़ियों को सही मार्गदर्शन देने के कारण यह आयोजन शुरूआती ही वर्ष में इतनी बड़ी सफलता के साथ आयोजित हुआ। उपरोक्त राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग के सफल आयोजन में जिले के शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, जिला प्रशासन द्वारा सम्मिलित सभी को संदीप साह सचिव थाईबॉक्सिं संघ ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

### रोजी रोटी गरीबों की प्रभावित

**जगदलपुर।** नगर निगम क्षेत्र के अन्य हिस्से पल्ली नाका से गोरियाबहार पुल,आसना से परपा थाना तक उसी तरह उपेक्षित रहते हैं। यदि किसी बड़े नेता के आगमन से ही शहर चमकता है। राजेश चौधरी ने



प्रशासन से आग्रह किया कि वीआईपी दौरे के नाम पर केवल तय समय-सीमा में ही यातायात बाधित किया जाए,पूरे नगर निगम क्षेत्र में समान रूप से साफ-सफाई हो, दुकानों को अनावश्यक बंद न कराया जाए और आम नागरिकों की आवाजाही व आजीविका का सम्मान किया जाए।

### हितग्राहियों को 10 लाख का मिला आबंटन

**दंतेवाड़ा।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये मंत्रियों के जनसंपर्क दौरे मद में रूपए 10 लाख का आबंटन दन्तेवाड़ा जिले को प्राप्त हुआ है। क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी द्वारा 11 नवंबर को प्रस्तावित कार्यों की सूची पर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के द्वारा की गई अनुशंसा के अनुसार जनसंपर्क निधि से हितग्राहियों को आर्थिक सहायता हेतु 8 लाख 75 हजार रूपये की सहायता राशि वितरण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# धान खरीदी की अव्यवस्था पर आप का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शुक्रवार को आम आदमी पार्टी बस्तर ने किसानों की गंभीर समस्याओं के विरोध में कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि बस्तर जिला समेत पूरे संभाग के किसान धान खरीदी में अभूतपूर्व परेशानी झेल रहे हैं,परंतु सरकार उनकी समस्याओं को लेकर उदासीन बनी हुई है।

■ किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

आप नेता समीर खान ने कहा कि राज्य और केंद्र दोनों में डबल इंजन की भाजपा सरकार होने के बावजूद किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा है। सामान्यतः एक सोसाइटी में प्रतिदिन 1400–1500 क्विंटल धान खरीदा जाता है, लेकिन इस वर्ष स्थिति इतनी बदतर है कि मात्र 5 से 10 किसानों को ही टोकन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसान रोजाना अपनी सोसाइटी के चक्कर काट रहे हैं, फिर भी उन्हें खरीदी का अवसर नहीं मिल पा रहा।



### धान खरीदी में अव्यवस्था पर आपत्तियां

आम आदमी पार्टी ने बस्तर में धान खरीदी की व्यवस्था को पूरी तरह बिगड़ा हुआ बताते हुए टोकन वितरण,खरीदी की गति, केंद्रों में अव्यवस्था, बड़े व्यापारियों को लाभ पहुँचाए जाने और वास्तविक किसानों की उपेक्षा जैसे कई बिंदुओं पर आपत्ति जताई है। पार्टी का कहना है कि किसानों को सम्मानपूर्वक खरीदी का अधिकार और समयबद्ध सुविधा मिलनी चाहिए, अन्यथा वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

उन्होंने कहा कि अन्नदाता अपनी मेहनत और संघर्ष से फसल तैयार करते हैं, पर सरकार उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। कई किसान आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं और आत्महत्या जैसी स्थितियों तक पहुँच रहे हैं, जो चिंताजनक है।

आम आदमी पार्टी ने मांग की कि धान खरीदी प्रक्रिया को अविलंब सुधारते हुए सभी किसानों को समय पर टोकन उपलब्ध कराया जाए। खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था, धीमी प्रक्रिया और बड़े व्यापारियों द्वारा किए जा रहे धान खरीदी की जांच की जाए। पार्टी ने कहा कि बड़े व्यापारियों को लाभ पहुंचाने से वास्तविक व छोटे किसान उपेक्षित हो रहे हैं, इसलिए प्राथमिकता वास्तविक किसानों को दी जानी चाहिए। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं पर तुरंत संज्ञान नहीं लिया गया, तो आम आदमी पार्टी बड़े आंदोलन को बाध्य होगी। इस दौरान हरीश नाग,रमेश बघेल, नरपत वामन, करती अस्तु मांडवी सहित अनेक आप कार्यकर्ता शामिल रहे।

# हमारे बुजुर्ग किसान, कलाकार जीती जागती किताबें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

प्राथमिक शाला घाटकवाली, संकुल कुड़कानार में संकुल स्तरीय कहानी कथन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चें, शिक्षक, कहानीकार, समुदाय शामिल रहे।

सर्वप्रथम कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र में दीप प्रज्वालित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। तत्पश्चात स्कूलों से बच्चों सांस्कृतिक कार्यक्रम दिखाया। उसके बाद बच्चे समूह में कहानी सुनकर, लिखे एवं उसका चित्र बनाकर रंग भरे व अभिव्यक्त किए। संकुल समन्वयक आयतु राम पाडे ने बताया कि बच्चों को यह कार्यक्रम भाषा और ज्ञान की विशाल संसार को जोड़ती है, जिससे उनकी शब्दावली, व्याकरण एवं समझने की क्षमता विकसित होती है साथ ही बोलने, सुनने, पढ़ने, लिखने की क्षमताओं को भी निखारती है, साथी यह भी बताया कि हमारे आसपास रहने वाले लोग हमारे बुजुर्ग किसान, कलाकार सिर्फ व्यक्ति नहीं होते, बल्कि जीती-जागती किताबें हैं। उनकी जिंदगी में छुपी हुई कहानी हमारे लिए प्रेरणादायक बन सकती है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सुझावित बातों को भी साझा किया। स्थानीय समुदाय का ज्ञान, लोक परंपराएं, संस्कृति, शिल्प, हस्तकला एवं जीवन कौशल, समुदाय की विशेषताओं का अनुभव को स्कूल शिक्षा से जोड़ा जाए, ताकि शिक्षा अधिक व्यावहारिक स्थानीय और वास्तविक जीवन से जुड़ी हो। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच तामेश्वरी कश्यप, उपसरपंच चंपा मौर्य, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रूपधर, उपाध्यक्ष लखेश्वर, प्रधानाध्यापक शंकर कश्यप, संकुल समन्वयक आयतु राम पाडे, मनोज साहू, ज्योति पन्ना, संतोषी बघेल, सावली मौर्य, दीपशिखा टोप्पो, पूजा राठिया, महाराष्ट्र क्विस्ट टीम से वृशाली, रवि, मधुरा व एफएलएन टीम से ज्योति चंदेल, ईश्वर साहू ग्राम के पालकगढ़, बच्चे, समुदाय, कहानीकार उपस्थित रहे।

### कचना में श्रीमद् भागवत कथा 15 जनवरी से

**जीजामगांव।** ग्राम कचना में 15 से 21 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का



आयोजन किया गया है। कथावाचिका ममता दीदी पाठक रतलाम मध्यप्रदेश होंगी। 15 जनवरी को कलश शोभायात्रा एवं महात्मय धुंधकारी मोक्ष की कथा, 16 जनवरी को कपिल मुनि अवतार, 17 जनवरी को ध्रुव चरित्र, 18 जनवरी को कृष्ण जन्मोत्सव, 19 जनवरी को गोवर्धन पूजा, 20 जनवरी को रुक्मणि विवाह, 21 जनवरी को परीक्षित मोक्ष, पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी वितरण के साथ कथा का समापन होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक होगी।

**खबर संक्षेप**

## बच्चे की हुई मौत कारण है अज्ञात, मर्ग कायम



**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत अघन नगर कांकेर के 3 वर्षीय विकास नेताम का अज्ञात कारणों के चलते 12 दिसंबर को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक को मृत अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था। बच्चे की मौत कैसे हुई यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## महिला से मारपीट की शिकायत देवर-देवरानी पर मामला दर्ज

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत वार्ड क्रमांक 13 में एक परिवार के बच्चों के बीच हुआ झगड़ा माता पिता के बीच का विवाद बन गया। बच्चों के झगड़ा की बात को लेकर देवर ने भाभी के ऊपर हाथ उठा दिया। पीड़ित महिला ने बताया कि मारपीट में देवर का साथ उसकी पत्नी ने दिया। दोनो ने मिलकर हाथ मुक्का से मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दिया। पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे वार्ड क्रमांक 13 रामकृष्णपल्ली पखांजुर निवासी 25 वर्षीय प्रिया सरकार पति देवाशीष सरकार ने पुलिस को बताया कि गृहणी का कार्य करती हूं और 12 दिसंबर को शाम करीबन 6 बजें मेरा देवर आशीष सरकार व देवरानी सुप्रिया सरकार आकर घर के आंगन में बच्चों के बीच के झगड़ा की बात को लेकर दोनों एक राय होकर मुझे गाली देने लगे। आज तुझे जान से मार डालेंगे की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट से मेरे हाथ, गाल, चेहरा, दाहिना कान और गर्दन में चोटें आई है। लड़ाई झगड़ा को देखकर मेरी सास साधना सरकार और मेरे पति देवाशिष सरकार देखे सुने व बीच बचाव किये हैं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी आशिष सरकार और सुप्रिया सरकार के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जिले के अनेक दिव्यांगजनों को प्रत्यक्ष लाभ मिला

# कोदाभाट शिविर में दिव्यांगों के कृत्रिम अंगों के निर्माण के लिए लिया माप और चिन्हांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले के दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए समाज कल्याण विभाग कांकेर द्वारा कृत्रिम अंग नकली हाथ एवं पैर निर्माण के लिए मापन, चिन्हांकन एवं प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय, कोदाभाट कांकेर परिसर में संपन्न हुआ। शिविर का आयोजन कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में किया गया, जिससे जिले के अनेक दिव्यांगजनों को प्रत्यक्ष लाभ मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचे। यहां दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया तथा उनकी शारीरिक स्थिति के अनुसार मापन, चिन्हांकन एवं कास्टिंग की प्रक्रिया पूरी की गई। जिन दिव्यांगजनों को तत्काल कृत्रिम अंग निर्माण की प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जा सका, उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान करते हुए आगे की प्रक्रिया के लिए रिफर किया गया। इस शिविर में फिजिकल रिफरल रिसोर्स सेंटर माना



कैम्प रायपुर से डॉ. विवेक सिंह फिजियोथेरेपिस्ट अपनी छह सदस्यीय विशेषज्ञ टीम के साथ उपस्थित रहे और इसके साथ ही जिला अस्पताल की छह सदस्यीय मेडिकल टीम ने भी शिविर में सक्रिय भूमिका निभाई। दोनों टीमों ने पूर्ण तत्परता और निष्ठा के साथ दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण, मापन एवं चिन्हांकन जैसे महत्वपूर्ण कार्य संपन्न किए। शिविर में आए दिव्यांगजनों और उनके सहयोगियों की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया। उनके लिए स्वल्पाहार एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई और साथ ही आवश्यक परिवहन सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई, जिससे किसी को असुविधा न हो। इस व्यवस्था से शिविर में शामिल दिव्यांगजनों ने संतोष और आभार व्यक्त किया। उपसंचालक समाज कल्याण क्षमा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में बड़ी संख्या में दूरस्थ एवं पिछड़े क्षेत्रों से दिव्यांगजन पहुंचे। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों के कई दिव्यांगजन अब तक जागरूकता और परिवहन सुविधा के अभाव में शासन की इस महत्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित रह जाते थे, लेकिन इस प्रकार के शिविर के आयोजन से उन्हें सीधे तौर पर लाभ मिल सका है।

शिविर में पहुंचे दिव्यांगजनों ने शासन एवं प्रशासन का धन्यवाद भी व्यक्त किया। उन्होंने यह भी बताया कि समाज कल्याण विभाग के साथ शिक्षा विभाग और चिकित्सा विभाग के संयुक्त प्रयास से अनेक स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी शिविर में पंजीयन कराया। इन बच्चों का भी कृत्रिम अंग नकली हाथ एवं पैर निर्माण के लिए मापन किया गया, जिससे भविष्य में उन्हें बेहतर जीवन जीने में सहायता मिल सकेगी।

## मामूली विवाद में हुई हिंसा, बीच-बचाव करने वाले को भी पीट गया, जांच जारी

**कांकेर।** मोबाइल मांगना भी जानलेवा बन सकता है, यह किसी ने सोचा न था। थाना सरोना क्षेत्र के ग्राम बांसपत्तर में मोबाइल से कॉल करने की छोटी-सी बात देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। गाली-गलौज के बाद लकड़ी के डंडे से हुई मारपीट में दो युवक घायल हो गए, जिससे गांव में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ बांसपत्तर में मोबाइल से कॉल करने की बात हुई मारपीट में दो युवक घायल

थाना सरोना अंतर्गत ग्राम बांसपत्तर में मोबाइल मांगने के मामूली विवाद ने उग्र रूप ले लिया। घटना में एक युवक और उसके बीच-बचाव के लिए आए दोस्त पर लकड़ी के डंडे से हमला किया गया, जिससे दोनों घायल हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। थाना सरोना में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे बांसपत्तर निवासी 18 वर्षीय अरूण वट्टी पिता स्वर्गीय महेन्द्र वट्टी ने पुलिस को बताया कि 11 दिसंबर की शाम उनके दोस्त रंजीत मरकाम का मोबाइल कहीं गुम हो गया था। मोबाइल का पता लगाने के लिए शाम करीब 7 बजे अरूण और रंजीत, गांव में अभिषेक सोनी के घर के पास पहुंचे और उससे रंजीत के मोबाइल पर कॉल करने के लिए उसका मोबाइल मांगा। इसी दौरान वहां मौजूद भागीरथी सोनी ने बिना किसी कारण गाली-गलौज शुरू कर दी और विवाद बढ़ाते हुए लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया। अरूण ने किसी तरह खुद को बचा लिया, लेकिन आरोपी ने रंजीत की पीठ पर डंडे से वार किया और उसका गला भी दबाया, जिससे वह घायल हो गया। घटना की आवाज सुनकर अरूण का दोस्त सोहन यादव बीच-बचाव करने पहुंचा, तो आरोपी ने उस पर भी लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया। इस हमले में सोहन के दोनों हाथों में गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोगों के जुटने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

# 986 छात्रों की नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में रही सहभागिता

**चारामा।** जवाहर नवोदय विद्यालय करप में कक्षा छठवीं, सत्र 2026–27 में प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा विकासखंड चारामा के चार परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में विकासखंड से कुल 986 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

विकासखंड चारामा से जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 1019 विद्यार्थियों का पंजीकरण किया गया था, जिसमें से 986 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए तथा 33 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार विद्यार्थियों की उपस्थिति प्रतिशत 90 प्रतिशत से अधिक रही, जो विकासखंड में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। परीक्षा केंद्रवार में स्वामी आत्मानंद विद्यालय में पंजीकृत 288 विद्यार्थियों में से 275 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। शाउमावि कन्या में 288 में से 281 विद्यार्थी उपस्थित



रहे। शाउमावि गिरहोला में 179 में से 174 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। शाउमावि कानापोड़ में 264 में से 256 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि विगत आठ वर्षों से विकासखंड चारामा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में जिला स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त करता आ रहा है। अब तक सर्वाधिक संख्या में विद्यार्थियों का चयन भी विकासखंड चारामा से ही हुआ है। इस वर्ष भी यह परंपरा कायम रहने की पूर्ण संभावना है। परीक्षा के सफल संचालन में संकुल केंद्रों में संचालित निःशुल्क कोचिंग केंद्रों में अध्यापन कार्य करने वाले समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, संकुल प्राचार्यों, संकुल समन्वयकों, विद्यार्थियों के अभिभावकों तथा खंड शिक्षा अधिकारी केशवराम साहू के साथ प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले सभी विद्यालयों के शिक्षक समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बच्चों एवं बुजुर्गों के लिए विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम सिलपट में आयुष विभाग द्वारा बच्चों, बुजुर्ग और उपशामक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं थीम पर आधारित विकासखंड स्तरीय विशेष स्वास्थ्य शिविर आयुष्मान आरोग्य मंदिर लोहत्तर सिलपट बाजार में आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। शिविर में लगभग 150 से अधिक बच्चे एवं वरिष्ठ नागरिकों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श का लाभ उठाया।

डॉ. सामाल ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा यह विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें समय पर दवाएं लेना, नियमित योग, प्राणायाम और आसन करने से



अवसाद और मनोरोग में सहायता मिलती है। स्वस्थ जीवनशैली के विकल्प, नियमित जांच, सामाजिक सहयोग और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच जीवन को सुरक्षा प्रदान करती हैं।

मुख्यअतिथि विकास राजु नायक ने कहा कि आयुष विभाग द्वारा आयोजित यह विशेष शिविर के कई फायदे बताते हुए कहा कि जरूरतमंदों को मुफ्त चिकित्सा परामर्श और दवाएं मिलती हैं। खासकर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में जहां स्वास्थ्य सुविधाएं कम होती हैं, जैसे मुफ्त स्वास्थ्य जांच और दवाएं, पुरानी और मौसमी बीमारियों अस्थमा, गठिया, मधुमेह का प्राकृतिक और प्रभावी इलाज, योग और संतुलित आहार से जीवनशैली में सुधार, रोग प्रतिरोधक क्षमता इम्युनिटी बढ़ाना, और जड़ी-बूटियों व स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना, जिससे समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा मिलता है। इस दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष, सरपंच ने भी शिविर को सम्बोधित किया और लोगों को शिविर में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने को प्रेरित किया।

इस दौरान आयुष विभाग से डॉ प्रीतिबाला ठाकुर, डॉ संजय मिश्रा, डॉ अमित दास, डॉ कंचन कुलदीप, डॉ गीतिका सोनवानी, पुरुषोत्तम चन्द्रवंशी, दिनेश राम, नरेश साहू, टिकेश्वर जगत, अभिजीत कुमार भक्त, सविता कोमरे, रामेश्वर नाग, गुरुदेवल दीवान, बुनी कोर्राम, औषधालय सेवक उपस्थित रहे।

## अंतागढ़ की इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी भीषण आग, लाखों की क्षति अनुमानित

**अंतागढ़।** जनपद पंचायत कांपलेक्स नयापारा में स्थित एक मोटर रिवाइंडिग इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिकल्स दुकान में दोपहर तकरीबन 3 बजे भीषण आग लग गई, जिससे वहां अफरा तफरी का माहौल बन गया। आसपास दुकानदार और राहगीर दहशत में आ गए व लोगों की भीड़ जमा हो गई। जब तक नगर पंचायत को सूचना दी तब तक आग फैल चुका था। नगर पंचायत से पानी टैंकर मंगवा पानी डाला गया व दुकान में लगी आग को बड़े ही मशक्कत के बाद बुझाया गया।

जनपद पंचायत कांपलेक्स में स्थित मोटर रिवाइंडिग दुकान में भीषण आग लग गई। समय रहते आग में काबू पा लेने से अगल-बगल की दूकानों में आग नहीं फैल पाया। दुकान दिलीप चक्रधारी का बताया जा रहा है और दुकान के अंदर रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया है। दुकान में आग लगने से दुकान मालिक को लाखों रूपए की



क्षति होने का अनुमान है। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट की संभावना जताई जा रही है। पुलिस भी मौके पर पहुंच कर जानकारी जुटा रही है। नगर पंचायत में फायर ब्रिगेड गाड़ी का नहीं होना सोचने का विषय है। अगर पंचायत में फायर ब्रिगेड गाड़ी उपलब्ध रहता तो शायद आग पर काबू पाकर उस दुकान में रखे सामान को बचाया जा सकता था, किंतु यहां के जनप्रतिनिधियों या अधिकारियों को इस ओर ध्यान ही नहीं है, जबकि कभी आग लग जाए तो भानुप्रतापपुर व कांकेर से फायरब्रिगेड गाड़ी मंगवाना पड़ता है।










हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. ध्रुव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**